# GANPATI EDUCATIONAL SOCIETY NEWSLETTER

*February 2025*

## Empowering Tomorrow: GES Hosts Vital Health Camp for Adolescent Girls



### गणपति एजुकेशनल सोसाइटी कुनिहार ने दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित किया स्वास्थ्य कैंप

**सवेरा न्यूज/रंजीत ठाकुर**

कुनिहार, 14 फरवरी : गणपति एजुकेशनल सोसाइटी कुनिहार के डे केयर सेंटर में दिव्यांग किशोरियों के लिए स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डा. हेमा कश्यप एएमओ ने दिव्यांग बच्चों के परिजनों को आहार विहार और मौसम बदलाव के साथ होने वाले रोगों के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों को मौसमी फल, सब्जियां और संतुलित भोजन दिया जाए ताकि बच्चे भरपूर पोषण प्राप्त कर सके और बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव हो सके। डा. हेमा कश्यप ने किशोरियों को विशेषतः महावारी और इससे जुड़े कई अन्य रोगों के विषय में प्रत्येक किशोरी के अनुरूप काउंसलिंग दी और कुछ किशोरियों को दवाई इत्यादि भी लिखी गई। गणपति एजुकेशनल सोसाइटी के डायरेक्टर डा. रोशन लाल शर्मा ने बच्चों के माता पिता की काउंसलिंग की ताकि उनके परिजन दिव्यांगता को अभिशाप न समझे और राष्ट्रीय नियास, केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं जैसे निरामय के बारे में विस्तृत रूप से बताया जिसमें 1,00,000 का स्वास्थ्य बीमा किया जाता है जिससे दिव्यांग व्यक्ति इसे अपने स्वास्थ्य पर खर्चा कर सकता है। अंजना ठाकुर ने डे केयर सेंटर में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। इस कैंप में विशेष शिक्षक चंद्रकांता, रमा शर्मा, बालक राम, संगीत अध्यापक शादीलाल और सभी बच्चों के अभिभावकों समेत 50 लोगों ने भाग लिया। अंत में बच्चों को रिफ्रेशमेंट बांटी गई।

स्वास्थ्य कैंप में भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चे व उनके परिजन।

On February 14, 2025, Ganpati Educational Society organized a comprehensive health camp focusing on adolescent girls' wellbeing. Dr. Hema Kashyap, Assistant Medical Officer, delivered essential guidance on seasonal dietary precautions and menstrual hygiene management, including recommended medications. Dr. Roshan Lal Sharma provided valuable information about the ₹100,000 health insurance scheme available for specially-abled children. The camp saw active participation from GES staff and parents of Day Care Centre children, creating a supportive environment for addressing crucial health concerns. This initiative reflects GES's ongoing commitment to holistic health education and community welfare.

## Riya of Ganpati Educational Society Secures Prestigious Spot in Special Olympics



### स्पेशल ओलंपिक्स विश्व शीतकालीन खेल 2025 में रिया का हुआ चयन

**सवेरा न्यूज/रंजीत ठाकुर**

कुनिहार, 25 फरवरी : स्पेशल ओलंपिक्स विश्व शीतकालीन खेल 2025 में गणपति एजुकेशनल सोसाइटी कुनिहार से संबंधित रिया का चयन फ्लोर बॉल्स में हुआ है। यह स्पेशल ओलंपिक्स इटली के टूरीन में मार्च, 2025 में होनी है। रिया पिछले 8 वर्षों से गणपति एजुकेशनल सोसाइटी कुनिहार से जुड़ी है। इस दौरान रिया का चयन विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं में हुआ है और उसने अनेक राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भाग लिया है। विश्व स्पेशल ओलंपिक्स 2025 में रिया के चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इससे पहले 2023 में सोसायटी से जुड़े अवनीश कौंडल ने स्पेशल ओलंपिक्स में बास्केट बॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। गणपति एजुकेशनल सोसाइटी के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि एक वर्ष के भीतर रिया का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्पेशल ओलंपिक्स 2025 के लिए हुआ है। गणपति एजुकेशनल सोसाइटी पिछले 20 वर्षों से दिव्यांगता, शिक्षा, पुनर्वास, खेलो और स्वास्थ्य से संबंधित अनेक गतिविधियों के लिए कार्य कर रही है। सोसाइटी के निदेशक डा. रोशन लाल शर्मा ने स्पेशल ओलंपिक्स भारत के (एएसओबी) जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को सहयोग के लिए बधाई दी है और धन्यवाद किया है कि गांव से संबंधित बच्ची को उन्होंने अवसर दिया है।

रिया।

In a remarkable achievement that brings immense pride to Himachal Pradesh, Riya from Ganpati Educational Society, Kunihar (Solan) has secured a coveted position in the upcoming Special Olympics for floorball. The prestigious international event is scheduled to take place in the historic city of Turin, Italy , bringing together exceptional athletes from across the globe.

Riya's journey to this international platform has been nothing short of extraordinary. Her selection comes after demonstrating exceptional skill and determination through a series of rigorous competitions at various levels. Her achievement exemplifies the power of perseverance and dedicated training, setting an inspiring example for all specially-abled children across the region.

Dr. Roshan Lal Sharma, Director of Ganpati Educational Society, expressed profound gratitude to the Special Olympics committee for recognizing the potential in their students. "This selection is not just Riya's personal victory but a testament to the capabilities of all specially-abled children when given proper guidance and opportunities," remarked Dr. Sharma.

Riya's selection serves as an inspiration for countless others and highlights how dedicated institutional support can help transform lives and break barriers. As she prepares to represent her organization, district, state, and country on the international stage, the entire community stands united in supporting her journey to Turin.

" Published by Ganpati Educational Society and edited by Dr. Daman Ahuja, distinguished Sr. Public Health and Community Engagement Expert and Honorary Technical Advisor to GES."